हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 फरवरी 2026

04 डीजे व तेज ध्वनि पर सख्ती, त्योहारों में शांति...



08 पीएम सड़क की रिटर्निंग वाल धंसने से दो मजदूर दबे, एक की मौत...





## समाचार संक्षेप

### विलुप्त होती लोककथाओं को जीवंत करेगा नाटक, आज होगा मंचन

**गुना।** शहर की सांस्कृतिक विरासत और मिट्टी से जुड़ी उन कहानियों को फिर से जीवित करने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है, जो समय के साथ धुंधली होती जा रही हैं। मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के तत्वाधान में विनर सोसाइटी आर्ट एंड कल्चर द्वारा आगामी 15 फरवरी को स्थानीय मानस भवन में एक विशेष नाटक का मंचन किया जाएगा। यह नाट्य प्रस्तुति गुना और उसके आसपास की लुप्त होती लोककथाओं पर आधारित है। नाटक का निर्देशन प्रशिक्षित युवा निर्देशक मधुर जैन ने किया है, जो लंबे समय से स्थानीय लोककला और आधुनिक रंगमंच को जोडने का कार्य कर रहे हैं। मधुर जैन के अनुसार, यह नाटक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को बचाने की एक पुकार है। यह प्रस्तुति दर्शकों को उन कहानियों की याद दिलाएगी जो कभी दादी-नानी की जुबान और चौपालों की रौनक हुआ करती थीं। आयोजन समिति ने शहर के सभी कला प्रेमियों को इस सांस्कृतिक सफर का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

### पूर्व पार्षद को पितृ शोक, कांग्रेस ने दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि




**गुना।** पूर्व पार्षद,कांग्रेस के नेता एडवोकेट हर्ष मेर सुभाष कालोनी गुना के पूज्य पिताजी सुंदरलाल मेर का 13 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया है ।जिला कांग्रेस कार्यालय श्री राजीव भवन पत्रकार कालोनी गुना में कांग्रेस की ओर से हर्ष मेर के पिता जी सुंदरलाल मेर प्रति ईश्वर से कामना की गई उनकी आत्मा को शांति,अपने चरणों स्थान देने एवं परिवार को दुःख सहन करने की शाक्ति प्रदान करने की कामना की गई । कांग्रेस जनों ने दो मीनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़,गुना ब्लाक प्रभारी आविद भाई, ओमप्रकाश शर्मा,रमेश सेंड़ो, पंकज कनेरिया, रणवीर सिंह कुशवाह, धर्मेंद्र धाकड़, शिवलाल नायक, खालिद बंटी,बृजेश भार्गव, भगवानलाल बरेले, वीरेन्द्र ओझा, आर्यन सेंड़ो, इरसाद , मंगल सेलर आदि उपस्थित थे ।

### जगद गुरु भैया ने कहा केदारनाथ धाम के बंद पट को खोलने के ढूंढे जाएं समाधान



**गुना।** जगद गुरु भैया महाराज भुजरिया तालाब स्थित लक्ष्मी नारायन मंदिर पर पहुंचे। मंदिर के महंत राघवेंद्र दास ने माला पहनकर सभी संतों का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ महामंडलेश्वर महंत पुरुषोत्तम दास महाराज सहित अनेक संत साथ थे। भैया महाराज बागेश्वर धाम में धीरेन्द्र शास्त्री से भेंट करके गुना से होते हुए गोविंद धाम गोशाला ग्राम ईश्वरी में उन्होंने रात्रि विश्राम किया। इस अवसर पर बमौरी क्षेत्र में स्थित केदारनाथ धाम में मंदिर के पट बंद रहने पर उन्होंने कहा कि प्रशासन को शीघ्र ही व्यवस्था करना चाहिए जिससे भगवान का पूजन अर्चन नित्य हो सके एवं दर्शनार्थी दर्शन कर सकें। 19 महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन चट्टान में आई दरार का समाधान नहीं ढूंढ पाया है। शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संत समाज आंदोलन की भूमिका बनाएगा। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण उत्थान समिति के प्रदेश सचिव एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम के प्रचार प्रमुख पंडित मनोज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा वृजेश शर्मा, रामपाल यादव आदि ने संत समाज से आशीर्वाद प्राप्त किया। आपको बता दें महाशिवरात्रि पर यहां पर मेला लगता था।

# शहर विकास में सहयोग के लिए नपा अध्यक्ष ने माना पार्षदों का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की मन्शा अनुरूप तथा,भाजपा की रीति-नीति अनुसार गुना विकास की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए विगत दिन नगर पालिका परिषद की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सत्ता पक्ष भाजपा दल के पार्षदों ने विपक्षी कांग्रेस के पार्षदों से मिलकर शहर विकास में रोडा अटकाने का भरसक प्रयास किया, बावजूद इसके शहर के विकास को रोकने में वह नाकाम रहे।ज्ञात हो कि नपा परिषद की बैठक के पूर्व भाजपा संगठन व विधायक द्वारा पार्षद दल की बैठक लेकर शहर विकास हित में प्रस्तावों पर समर्थन करने के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष के चुनाव शामिल रहे कॉग्रेस के प्रत्याशी व एक अन्य प्रत्याशी तथा नपा के उपाध्यक्ष ,जिन्हे तीन वार अनुशासन हीनता के नोटिस, संगठन द्वारा दिए जा चुके हैं साथ ही भाजपा के नोटिस सुधा पार्षदों को भी संगठन की बार-बार चेतावनी बावजूद वह प्रारंभ से ही कॉग्रेस के प्रतिपक्ष के नेता सहित,सात पार्षदों के साथ परिषद के कार्यों में वाधा डालते आ रहे हैं, किन्तु भाजपा की महिला न पा अध्यक्ष के दृढ़संकल्प को नहीं डिगा सके । उन्होंने कहा कि जनता ने हमें जिस उम्मीद चुना है,उनकी आकांक्षाओं पर हमें खरा उतरना है,संगठन को मजबूती प्रदान करना है। कल की बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत होंने पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सांसद, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य एवं उन सभी सत्ता दल एवं विपक्ष के पार्षदों का हृदय से आभार माना है जिन्होंने शहर विकास को गति देने में नगर पालिका को



सहयोग प्रदान किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एजेंडा क्रमांक 2 एवं 3 जो कि जज्जी बस स्टैंड से नानाखेड़ी तक शहर के मुख्य मार्ग का डामरीकरण का कार्य लगभग 3.60 करोड़ रुपये का परिषद की बैठक में चर्चा में रखा गया था। हमारा उद्देश्य उक्त सड़क को चार माह पूर्व वर्षाकाल के तुरंत बनवाने का था, किंतु तब भी परिषद की बैठक दिनांक 26/9/2025 की बैठक में सत्ता दल एवं विपक्ष के पार्षदों ने मिलकर शहर की हृदय रेखा मुख्य सड़क निर्माण के इस प्रस्ताव को गिरा दिया था। तब भी हमने शहरवासियों को विश्वास दिलाया था कि हम विकास कार्यों को रुकने नहीं देंगें और जनता की परेशानियों को ध्यान रखते हुए एवं वर्षा काल में हुई क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल पेच वर्क कराया गया। उक्त प्रस्ताव पुनः परिषद की बैठक में रखे गए जिन्हें फिर से गिराने का प्रयास किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता ने बताया कि हमारी पार्टी के उपाध्यक्ष सहित 10 सत्ता दल के पार्षदों व विपक्ष के 7 पार्षदों ने प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की, लेकिन शहर हित की सोच रखने वाले भाजपा के 14 पार्षद एवं कांग्रेस के 3 पार्षदों व 1 निर्दलीय पार्षद ने हमें पूरा सहयोग एवं समर्थन किया मैं उनको धन्यवाद व आभार ज्ञापित करती हूँ एवं शहर विकास में आगे भी सहयोग करने की अपेक्षा करती हूँ। उन्होंने बताया कि एक दिन पूर्व भी हमने समाचार पत्रों के माध्यम से सभी सम्माननीय पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर विकास में सहयोग की अपील की थी, किंतु उनकी विकास विरोधी सोच से शहर को आगे न बढने देने एवं सिंधिया के सपनों को साकार नहीं करने के उद्देश्य से परिषद के प्रस्ताव गिराने का कोई अवसर नहीं छोडा। जिन सम्माननीय भाजपा पार्षद गणों ने विरोध किया वह हैं नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, सुनीता रविंद्र रघुवंशी, दिनेश शर्मा चुक्की ,तरुण सुनील मालवीय, सचिन धूरिया, रमेश भील, अजब बाई बहादुर सिंह लोधा, ममता तोमर, अल्का दिनेश कोरी, सुमन लालाराम लोधा तथा कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, रश्मि रजनीश शर्मा, अब्दुल हलीम गाजी, शरामवीर जाटव, महेश कुशवाह, शराम मूर्ति कुशवाह है।

## साइकिल की जिद और अपहरण का हाई वोल्टेज ड्रामा

# कक्षा 7वीं के छात्र ने रची खुद के अपहरण व बेहोशी की झूठी कहानी

### पुलिस जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब कक्षा 7वीं का एक छात्र स्कूल से अचानक लापता हो गया और कुछ ही घंटों बाद शहर से दूर बिलोनिया क्षेत्र में बेहोशी की हालत में मिला। छात्र ने होश में आते ही दावा किया कि दो अज्ञात लोगों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर कार से अगवा किया था। इस खबर ने पुलिस प्रशासन और अभिभावकों के बीच हडक़ंप मचा दिया, लेकिन जब पुलिस ने बारीकी से तफ्तीश की, तो इस पूरी अपहरण की कहानी के पीछे एक साइकिल की जिद और मासूम नाराजगी की परतें खुलकर सामने आईं।

#### स्कूल से लापता हुआ छात्र बिलोनिया ब्रिज के नीचे मिला

जानकारी के अनुसार, आदर्श कॉलोनी में किराये से रहने वाले देवेंद्र धाकड़ का 12 वर्षीय पुत्र जाटपुरा माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 7वीं का छात्र है। शुक्रवार को पवन रोज की तरह स्कूल गया था।

दोपहर में परीक्षा समाप्त होने के बाद जब उसकी मां उसे लेने स्कूल पहुंची, तो पता चला कि पवन एक घंटे पहले ही यह कहकर निकल गया है कि वह खुद घर जा रहा है। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजन उसे तलाशने लगे। इसी बीच शहर से सटे ग्राम बिलोनिया के पास ग्रामीणों को एक बच्चा ब्रिज के नीचे अचेत अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने उसे उठाकर पूछताछ की, तो बच्चे ने एक रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी सुनाई।

#### छात्र का दावा, पानी की बोतल देने गया और उन्होंने अगवा कर लिया

अचेत अवस्था से जागने के बाद छात्र पवन ने ग्रामीणों और पुलिस को बताया, मैं स्कूल के बाहर पानी की बोतल भरने गया था। वहां एक गाड़ी खड़ी थी, जिसमें सवार लोगों ने मुझसे पानी मांगा। जैसे ही मैं उन्हें बोतल देने पहुंचा, पीछे से एक व्यक्ति ने मुझे पकड़ लिया और मुंह पर कुछ सुंघा दिया। उसके बाद मुझे कुछ याद नहीं कि वे मुझे कहां ले गए। जब मेरी आंख खुली तो मैं बिलोनिया में पड़ा था। बच्चे की इस कहानी को सुनकर ग्रामीण डर गए और उन्होंने तुरंत डायल-112 को सूचना दी।

#### बच्चे द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर उसके पिता को फोन किया

देवेंद्र धाकड़ ने बताया, मेरे पास बिलोनिया से फोन आया कि आपका बच्चा बेहोशी की हालत में मिला है, उसे कुछ लोग गाड़ी से यहां छोड़ गए हैं। मैं बदहवास होकर वहां पहुंचा, तो बच्चा वाकई डरा हुआ और बेहोश जैसा लग रहा था।

#### इनका कहना है

13 फरवरी को थाना कैंट की डायल-112 को एक व्यक्ति ने सूचना दी थी कि एक 12 साल का बालक रोड पर पड़ा है। जिस पर तत्काल डायल-112 मौके पर पहुंची और बच्चे को थाने लेकर आई। उसका नाम पता कर उसके परिजनों को थाने बुलाया। बच्चे द्वारा पहले तो बताया गया कि एक कार आई और उसे लेकर चली गई। लेकिन जब बच्चे को समझाईश देकर पूछताछ की गई तो उसने पूरी कहानी बताई। उसे उसके पिताजी से शिकायत थी कि उसके पापा उसे सायकिल नहीं दिला रहे हैं। उसका कहना था कि बहनों की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं मेरी नहीं। उसी नाराज होकर पैदल-पैदल हाईवे बिलोनिया तक पहुंचा। उसको पुलिस ने समझाईश दी तो वह माता-पिता के साथ चला गया।

**प्रियंका मिश्रा,** सीएसपी, गुना

#### पुलिस की मनोवैज्ञानिक पूछताछ और साइकिल का पेंच

मामले की संजीदगी को देखते हुए कैंट पुलिस और सीएसपी प्रियंका मिश्रा ने बच्चे से गहन पूछताछ की। पुलिस को बच्चे की कहानी में कुछ विरोधाभास नजर आए। जब बच्चे को प्यार से समझाया गया और मनोवैज्ञानिक तरीके से विश्वास में लिया गया, तो उसने अपनी पूरी योजना का सच उगल दिया। जांच में सामने आया कि बच्चा पिछले कई दिनों से अपने पिता से सायकिल दिलाने की ज़िद कर रहा था। पिता द्वारा सायकिल नहीं दिलाने और घर में उसकी मांग पूरी न होने से वह काफी आहत था। उसे लगता था कि उसकी बहनों की हर इच्छा पूरी की जाती है, लेकिन उसकी नहीं। इसी नाराजगी में उसने घर न जाने का फैसला किया और स्कूल से पैदल-पैदल हाईवे के रास्ते बिलोनिया पहुंच गया। पकड़े जाने के डर और पिता को अपनी अहमियत समझाने के लिए उसने मौके पर ही अपहरण की यह झूठी कहानी गढ़ ली। पूरी तफ्तीश के बाद पुलिस ने बालक को सुरक्षित उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

## पूर्व सिविल सर्जन ने अपने अस्पताल में निकाला मासूम के गले में फंसा सिक्का

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मशीन व विशेषज्ञ की कमी बताकर सिक्का निगलने वाली जिस मासूम को जिला अस्पताल ने बिना इलाज के लौटा दिया था उस मासूम के गले का सिक्का एक जमाने में इसी अस्पताल के सिविल सर्जन रहे डॉक्टर वाय एस रघुवंशी ने बड़ी आसानी से सफलतापूर्वक निकाल दिया ।वह भी खुद के निजी अस्पताल में।





गौरतलब है कि बीते बुधवार को जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल खड़े हो गए थे, जब चार वर्षीय बच्ची के गले में फंसे 5 रुपए के सिक्के को निकालने में जिला अस्पताल ने असमर्थता जता दी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या से आकर गुना में फेरी लगाकर गुजर-बसर करने वाले ऊंदल महावत जोगी की बेटी नेहा खेलते समय सिक्का निगल गई थी। सिक्का गले में अटकने से उसे सांस लेने और खाने-पीने में परेशानी होने लगी।घबराए परिजन बच्ची को जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में लेकर पहुंचे।तब जांच में सिक्का गले फंसा होना सामने आया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि मशीन और विशेषज्ञडॉक्टर उपलब्ध न होने की बात कहकर उन्हें निजी अस्पताल जाने की सलाह दे दी गई। इसके बाद परिवार बच्ची को एक निजी अस्पताल ले गया, इसी दौरान रेडक्रॉस के एक सदस्य ने स्थिति देख कलेक्टर किशोर कन्याल को सूचना दी। कलेक्टर ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निजी अस्पताल प्रबंधन को फोन कर उपचार शुरू करने के निर्देश दिए और रेडक्रॉस के माध्यम से खर्च वहन करने की व्यवस्था कराई।

## गुना में संयुक्त कार्रवाई: बंधक श्रमिक परिवार को मुक्त कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम सोठी निवासी एक परिवार को बंधक श्रम की स्थिति से मुक्त कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरनाम सहरिया, उनकी पत्नी उर्मिला एवं चार बच्चों को ग्राम आचकलपुर में पिछले लगभग 8 माह से बंधक बनाकर कार्य कराया जा रहा था। शिकायत मिलने पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर जिला श्रम अधिकारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में संयुक्त छापामार कार्रवाई कर परिवार को सुरक्षित मुक्त कराया गया।कलेक्टर श्री कन्याल ने संबंधित आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

साथ ही मुक्त श्रमिकों को 30-30 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा आशीष कुमार तिवारी श्रम पदाधिकारी को बंधक श्रमिकों के पुनर्वास हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बंधक श्रम जैसी अमानवीय प्रथा के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## मंदिरों, कोचिंग सेंटरों और पार्कों में पुलिस का पहरा

# वैलेंटाइन डे पर शहर में पूरी तरह पुलिस मुस्तैद नजर आई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वैलेंटाइन डे के अवसर पर शनिवार को शहर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शहर के धार्मिक स्थलों, विशेषकर हनुमान टेकरी मंदिर और पार्कों में पुलिस बल की भारी तैनाती रही। जहां एक ओर पुलिस की नजर कथित प्रेमी युगलों पर रही, तो वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों पर युवाओं की गतिविधियों में कोई विशेष आचरण नहीं देखा गया।

#### हनुमान टेकरी पर रहा भारी पुलिस बल

प्रशासन ने धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। यहाँ मुख्य गेट से लेकर मंदिर परिसर तक पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस पेट्रोलिंग करती नजर आई। वैलेंटाइन डे के विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सुबह से ही मोर्चेबंदी कर ली थी।




#### कोचिंग सेंटरों और पार्कों में सघन निगरानी

शहर के पार्कों और कोचिंग सेंटरों के आसपास भी पुलिस की विशेष नजर रही।एबी रोड और मुख्य बाजारों में बाइक पर गुलाब के फूल लिए युवाओं की आवाजाही जमकर देखी गई। पुलिस की मोबाइल वैन लगातार शहर में भ्रमण करती रही, जिससे संदिग्ध गतिविधि करने के मंसूबे रखने या तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले युवाओं में हड़कंप मचा रहा। कई स्थानों पर पुलिस ने युवाओं को रोककर पूछताछ भी की और हिदायत देकर छोड़ा। कैफे और केबिन नुमा होटलों में युवाओं की भीड़ पुलिस की सक्रियता मंदिरों और पार्कों में तो दिखाई दी, लेकिन शहर के कैफे और होटलों पर उस तरह की निगरानी नहीं रही। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के कई प्राइवेट कैफे और केबिन नुमा होटलों में युवाओं की भीड़ लगी रही, लेकिन पुलिस का ध्यान इन बंद कमरों की गतिविधियों की तरफ कम रहा। लोगों ने मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ इन दुकानों पर भी नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। कुल मिलाकर, गुना में वैलेंटाइन डे पुलिस की साये में शांतिपूर्ण तरीके से गुजरा। पुलिस की मौजूदगी ने जहां हुड़दंग पर लगाम लगाई, वहीं युवाओं ने भी सावधानी बरतते हुए इस दिन को मनाया।

## हाईस्कूल परीक्षा में NSQF का पेपर शांतिपूर्ण संपन्न

**गुना ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क का तृतीय प्रश्नपत्र जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। जिले में निर्धारित 57 केंद्रों में से 23 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। कुल 1646 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1634 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा की शुचिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संरचनालय ग्वालियर के अधिकारी श्री अशोक पवार द्वारा विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र क्रमांक 171002 (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय) का विशेष भ्रमण किया। पवार ने परीक्षा केंद्र पर पेयजल, बैठक व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। जिले के अन्य केंद्रों पर भी उड़नदस्तों द्वारा सतत निगरानी रखी गई।

## राघौगढ़ में बोर्ड परीक्षाओं के चलते रात 10:30 बजे बाद डीजे पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**राघौगढ़** । आगामी त्योहारों और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब नगर में रात 10:30 बजे के बाद विवाह समारोह या अन्य कार्यक्रमों में डीजे या तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी त्योहारों—महाशिवरात्रि, होलिका दहन और रमजान—को लेकर चर्चा की गई। दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निकलने वाली पालकी यात्रा की जानकारी भी साझा की गई।एसडीओपी दीपा डुडवे ने कहा कि वर्तमान में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार का व्यवधान न हो।विद्युत विभाग को रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगरपालिका द्वारा धार्मिक स्थलों पर पानी के टैंकर और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी।बैठक में एसडीओपी दीपा डुडवे, तहसीलदार अनुराग जैन, डीएसपी व थाना प्रभारी आनंद कुमार राय, विजयपुर थाना प्रभारी ऋतुराज कुशवाह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## 22 विद्यालयों में 12 हजार से विद्यार्थियों का निशुल्क दंत परीक्षण किया गया

**राघौगढ़/गुना**। डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक, राघौगढ़ द्वारा क्षेत्र के 22 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में निशुल्क दंत स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। "सुंदर मुस्कान, देश की शान" अभियान के अंतर्गत 12,000 से अधिक विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया, 8,000 विद्यार्थियों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं तथा 1,000 विद्यार्थियों को विशेष उपचार हेतु चिन्हित किया गया।अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को तंबाकू मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. साहिब अली (पूर्व चिकित्सक, हमिदिया हॉस्पिटल) ने कहा, "स्वस्थ दांत और नशा मुक्त जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है।"टीम में डॉ. रिया जैन का विशेष योगदान रहा, वहीं चमन विश्वकर्मा एवं अभिषेक कोरिया ने सक्रिय भूमिका निभाई। निशुल्क दवा वितरण में भारत मेडिकल के इमरान खान का सराहनीय सहयोग रहा।किशोर कुमार कान्याल, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, गुना ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत आवश्यक है।वहीं अमित सोनी, एसडीएम, राघौगढ़ ने क्लिनिक की टीम को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए इसे प्रेरणादायक अभियान बताया।विद्यालय प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में दंत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।अंत में डॉ. साहिब अली ने कलेक्टर, एसडीएम, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों, पत्रकार बंधुओं एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया।



### तीन माह के आयोजनों के लिए प्रशासन-नागरिक समन्वय पर जोर

# डीजे व तेज ध्वनि पर सख्ती, त्योहारों में शांति-सदभाव बनाए रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी तीन माह में होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं समन्वित संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, उपवन मंडल अधिकारी नीरज निश्चल (भा.व.से.) सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जिले की पहचान एक शांतिप्रिय व विकसित जिले के रूप में बनी है। आगामी त्योहारों के दौरान प्रशासन व नागरिक मिलकर शांति और सद्भाव बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने हाल में दो श्रमिकों को मुक्त कर सहायता राशि प्रदान किए जाने और एक बालिका के गले में सिक्का फंसने जिसको कल सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रशासन सतत तत्पर है। इस संबंध में एसडीएम एवं थाना स्तर पर भी आवश्यक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।




### आगामी मेलों व आयोजनों को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी मेलों व आयोजनों को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी प्रमुख आयोजनों व चल समारोहों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील स्थलों पर सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मी लगाए जाएंगे। समिति सदस्यों ने जुलूस मार्ग पूर्व निर्धारित करने, जयस्तंभ चौराहा क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, होलिका दहन का समय तय करने तथा तेज ध्वनि वाले डीजे पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के सुझाव दिए। विधायक शाक्य ने भी डीजे पर नियंत्रण, समय-सीमा का पालन तथा नियम उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर कन्याल ने बताया कि इस वर्ष नवाचार के रूप में गुलाल व फूलों से होली खेलने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द्र और अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

## शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज में दो दिवसीय सेमिनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "आर्थिक विकास एवं सामाजिक स्थिरताः भारत में समकालीन चुनौतियां और समस्याएं" विषय पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। समापन दिवस पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना ने की।मुख्य अतिथि के रूप में तात्या टोपे विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. किशन यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रो. मुकेश गोयल, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानी शाक्य एवं डॉ. शांतिलाल चंद्रवंशी शामिल हुए।मुख्य वक्ता के रूप में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के डॉ. संदीप अग्रवाल तथा डॉ. रामेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता के रूप में झूलेलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डॉ. पंकज गभाने ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। छात्राओं दीपा माली, भारती टंडन एवं रूपाली वंशकार ने सरस्वती वंदना तथा महक माली एवं मुस्कान ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया और स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।अपने उद्बोधन में कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने कहा कि सामाजिक स्थिरता के बिना आर्थिक विकास संभव नहीं है और आर्थिक रूप से सशक्त व्यक्ति ही समाज को स्थायित्व प्रदान कर सकता है। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि ब्लॉक स्तर के महाविद्यालय में इस प्रकार के सेमिनार ग्रामीण छात्रों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।सेमिनार में विभिन्न विद्वानों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें पहलवान गुरु दीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, ललितपुर के डॉ. महेश कुमार झा, पीजी महाविद्यालय राजगढ़ के डॉ. बद्रीलाल वर्मा, शासकीय महाविद्यालय कोलारस के डॉ. अश्वनी कुमार वरुण, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा के डॉ. अंकित सिंह गौर, डॉ. अमर सिंह पाटनेश्वर एवं मनीष झाला शामिल रहे।समापन अवसर पर शोधार्थी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

सेबा भारती के तत्वाधान में शुक्रवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच ओर परीक्षण शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष डॉ रामबीर सिंह रघुवंशी के निर्देशानुसार पुरानी अस्पताल केसमाने स्थित परिसर में आयोजित किया गया।,जिसमें गुना चिकित्सालय से पधारे विशेष चिकित्सों दुबारा आंखों में मोतियाबिंद बीमारी की जांच कर ऑपरेशन के लिए 13मरीज चिह्नित किए गए। ।उक्त मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु योग्य पाया गया,इस अवसर पर 50 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई । जिनको जांच उपरांत आवश्यक दबाई भी वितरित की गई। पनवाड़ी हा ट मे भी शिविर लगाया गया।जिसमें 3 आपरेशन हेतु मरीज चिह्नित किए गए।जिनका आपरेशन गुना में किया जाएगा।उक्त शिविर में बड़ीसख्या में मरीजों की उपस्थित देखी गई। इस अवसर पर सेबा भारती के डॉ के एस रघुवंशी,विकस शर्मा, दीपक लोदी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।




# खाकी पर दागः बीनागंज चौकी प्रभारी व आरक्षकों पर युवक से मारपीट का आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के बीनागंज क्षेत्र से पुलिस की कथित बर्बरता का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 15 निवासी एक युवक ने बीनागंज चौकी प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों पर अवैध हिरासत, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित ने शरीर पर आए चोटों के निशान दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। सिम पोर्ट कराने गया था, पुलिस चौकी ले जाने का आरोपपीड़ित तरुण शाक्यवार ने शिकायत में बताया कि वह बाजार में मोबाइल सिम पोर्ट कराने गया था। इसी दौरान आरक्षक नरेंद्र ओझा उसे यह कहकर बाइक पर बैठाकर चौकी ले गए कि "अजय सर बुला रहे हैं।" युवक का आरोप है कि चौकी पहुंचते ही चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने उसे थप्पड़ मारा, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद प्रभारी सहित आरक्षक नरेंद्र ओझा, मोनू और कुलदीप ने उसे घसीटते हुए अंदर कमरे में बंद कर दिया।6 घंटे तक 'थर्ड डिग्री' टॉर्चर का आरोपतरुण का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसे मुर्गा बनाया और करीब छह घंटे तक डंडों से पंजों, जांघों और पीठ पर बेरहमी से वार किए। मारपीट इतनी गंभीर थी कि वर्तमान में उसे चलने-फिरने में भी परेशानी हो रही है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस उस पर बीनागंज में हुई किसी चोरी की घटना को स्वीकार करने का दबाव बना रही थी। आरोप है कि इनकार करने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

एसपी से निष्पक्ष जांच की मांगपीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा उसके शरीर पर मौजूद चोटों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराई जाए। उसने चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह एवं संबंधित आरक्षकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस प्रकरण के सामने आने के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन अपने ही विभाग के कर्मचारियों पर लगे इन गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है।



## भाजपा संगठन के जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भाजपा संगठन के जिला प्रभारी,सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस पछाड़ी खेड़ा पर भाजपा कार्यकर्ताओं की परिचय बैठक ली।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि वह संगठन में रहकर निष्ठा पूर्वक कार्य करें एवं जिन्हें जो दायित्व मिला है वह उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इसके पूर्व बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिया तथा कार्यकर्ताओं की ओर से विश्वास दिलाया कि वह संगठन के प्रति पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, और मिले दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। जिला प्रभारी जैन ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचय लिया एवं प्रसन्नता व्यक्ति की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रविंद्र लोधी ने किया इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मुंगावली विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सरनाम सिंह यादव नारायण प्रसाद शर्मा पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी गजराम सिंह यादव पूर्व जिला जिला अध्यक्ष सुभाष जैन उमेश रघुवंशी सहित जिला एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी,कार्यकर्ता भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## मल्हारगढ़ किले को सरंक्षण और संवर्धन की जरूरत, इतिहास का गवाह बना है यहां का किला और बीच में बनी जल सरंचना

अशोकनगर। जिले की मुंगावली तहसील के अंतर्गत मल्हारगढ़ का किला संरक्षण और संवर्धन का इंतजार कर रहा है। मल्हारगढ़ किला मात्र किला ही नहीं है बल्कि किला परिसर में ही एक जल संरचना भी स्थित है, यही नहीं किला परिसर में रखी प्राचीन तोप, किला बुर्ज सहित सम्पूर्ण पुरा सम्पदा किला के ऐतिहासिक एवं सामारिक महत्व को रेखांकित करने का माध्यम है।



वर्तमान में उक्त किला जीर्ण-शीर्ण होकर लावारिस अवस्था से गुजर रहा है उक्त किला का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार किए जाने से क्षेत्रीय विरासत को बचाया ही नहीं जाएगा बल्कि यह किला चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी सृजन करने का एक बेहतरीन माध्यम साबित होगा। ग्रामीण पर्यटन योजना अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ एक नवीन पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा, विरासत रूपी किला का संरक्षण और संवर्धन होना जिला अशोकनगर सहित क्षेत्रीय सार्वजनिक पर्यटन और विरासत हित में आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है। इन्हीं सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए एक पत्र जिला संरक्षण और संवर्धन समिति के सदस्य मजीद खां पठान ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रेषित कर ग्राम मल्हारगढ़ स्थित किला को संरक्षित एवं जीर्णोद्धार किए जाने की दिशा में उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



## शांति व भाई चारे की मिसाल कायम बनी रहे तहसीलदारः गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

कस्वे के पुलिस थाना परिसर में त्योहारों का सीजन महा शिवरात्रि ,होली ,रँगपंचमी,रमजान को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसमें वरिष्ठ जनों के साथ जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तहसीलदार अशोक गौतम ने कहा कि जो त्योहार प्रतिबर्ष शांति और भाई चारे के साथ मनाते आ रहे हैं, वहीं प्रथा बनी रहे। मुझे खुशी है कि यहां सभी धर्मों के लोग आपसी भाई चारे से एक दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार मनाते है। यही भाई चारा ओर विश्वास बना रहे। थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि चंद्र ग्रहण होने की वजह से तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे से शुभ महूर्त है जो 8:30 बजे तक है। अच्छी बात है सभी आप लोग कोशिश करना होलिका दहन समय पर हो जाए और सुरक्षा के लिए पुलिस आपके साथ रहेगी। जहाँ भी आपको ऐसा लगे सुरक्षा की दृष्टि से तो पुलिस को सूचना दें पुलिस तैयार रहेगी। होलिका दहन करते समय देखना की ऊपर से बिजली के तार न हो जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार राय ने बताया कि तीन प्रमुख स्थान महत्व पूर्ण है जहां होलिका दहन होता है। प्रथम पुराना बाजार होली का मैदान द्वितीय रामलीला मैदान तृतीय पुलिस थाना परिसर। होलिका दहन का जुलूस सुबह 5 बजे राय साहब के घर से प्राम्भ होगा।

## पंजाबी महिला विकास समिति ने वैलेंटाइन डे पर कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा वैलेंटाइन डे के अवसर पर एक उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और प्रेम व आपसी सहयोग का संदेश दिया।

इस अवसर पर मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गीत-संगीत और हँसी-खुशी के बीच खेलों ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। विजेताओं को छोटे-छोटे उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों के लिए सामूहिक रात्रिभोज की व्यवस्था की गई। महिला समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी प्रेम, एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। महिला समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी आयोजक सदस्यों सुनीता छाबड़ा,डिंपल सदाना, मीता सदाना,सुषमा छाबड़ा, भूपिंदर कौर, निशी शर्मा, सोनिया अरोरा, सुनीता बत्रा का हार्दिक धन्यवाद किया उनके सहयोग से आयोजन यादगार बन सका।




## कलेक्टर ने मेले को लेकर पेयजल व सीता रसोई का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला धाम पहुंचकर आगामी करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिसमें मेला के दौरान पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचई विभाग, विद्युत व्यवस्था हेतु एमपीईबी, हेलीपैड व्यवस्था हेतु पीडब्ल्यूडी एवं खाद्य विभाग अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीता रसोई में भोजन व्यवस्था का जायजा लिया तथा भोजन ग्रहण किया। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन सिंह, एसडीएम मुंगावली इसरार खान, एसडीओपी मुंगावली, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड अशोकनगर, सीईओ जनपद एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





### विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों को यातायात नियम बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता एवं सड़क पर नियमानुसार और सावधानी से चलने के प्रति एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रेनू राजेश द्वारा बताया गया कि यह आयोजन लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा प्रायोजित था। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं लायंस क्लब अशोकनगर के बीच हुए एमओयू के तहत लायंस क्लब अशोक नगर विद्यार्थियों के लिए समय समय पर गतिविधियां आयोजित करता है। कार्यशाला में अशोकनगर के यातायात थाना से स्नेहा ठाकुर अपनी टीम के साथ उपस्थित हुई। उनके द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों से यातायात के नियमों पर विस्तार से चर्चा की और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए।



उन्होंने राहगीर योजना के विषय में बताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने पर पुलिस परेशान नहीं करेगी अपितु पुरस्कृत करेगी। इस अवसर पर लायंन डॉ राजेश कुमार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिन विद्यार्थियों के द्वारा प्रश्नों के सही उत्तर दिए गए उन्हें गिफ्ट प्रदान किए गए। लायंस क्लब द्वारा यातायात नियमों, रोड चिन्ह आदि से सम्बंधित तीन फ्लेक्स भी महाविद्यालय को भेंट किये जिससे सभी विद्यार्थी जागरुक हो सकें।

लायन अभिजीत जैन ने पिछले वर्षों के रोड एक्सीडेंट के आंकड़े साझा करते हुए विद्यार्थियों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट की अनिवार्यता, स्पीड कण्ट्रोल आदि के विषय में बताया। पर्यावरण संरक्षण के तहत दो पौधे भी विज्ञान ब्लॉक में अतिथियों के द्वारा रोपे गए। कार्यक्रम का संचालन अनुज रघुवंशी एवं डॉ राजेश ने किया। आभार संजय रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में लायन विकास रघुवंशी, मनोज जैन, हरिसिंह रघुवंशी, अमित रघुवंशी, डॉ प्रदीप सुराना, वनस्पति विज्ञान विभाग के सभी सदस्य एवं 210 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरछी निवासी भोलू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रहीस यादव और कल्लू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के पीछे अशोकनगर निवासी संदीप विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित कलावत और अन्य 3 साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज।

अशोकनगर। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम रायपुर थाना जखौरा जिला ललितपुर निवासी अदिति साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से प्रवेन्द्र, नाथूराम, गजेन्द्र, अनीता और भारती साहू ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पूर्व विधायक के भांजे ने गोली से आत्महत्या की

**अशोकनगर।** स्थानीय पूर्व विधायक जजपाल सिंह के भांजे गुरतेज पुत्र बिजेन्दर सिंह संधू उम्र 26 साल निवासी इंग्लीखेडी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में खुद को गोली मारकर आत्म हत्या कर ली। यह घटना उस समय हुई जब उसके परिवार के लोग घर पर नहीं थे तब घर में काम करने वाले ग्रामीण ने गोली चलने की आवाज सुनने के बाद परिवार जनों को सूचना दी। यह घटना लायसेंसी बंदूक से की गई है, जांच जारी है।

### जुए के अड्डों पर छापामारा हारजीत का दांव लगाते धरे

**अशोकनगर।** पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए कईं आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेहराई पुलिस ने कुशवाह मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए दिनेश सेन, रवि कुशवाह, करोड़ी साहू, शोभाराम कुशवाह, नीतेश सेन को गिरफ्तार किया है, जिनसे ताश की गडडी और 2200 रूपए बरामद किए गए है। कोतवाली पुलिस ने पडरिया में स्कूल के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए दीपक शर्मा, जितेन्द्र रघुवंशी, बाबू रघुवंशी, सुमित पटेल और अक्षय प्रजापति को गिरफ्तार किया है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शहर के शिवालय सजधज कर तैयार

# बाजार से दोपहर में निकलेगी शिव बारात राजराजेश्वर मंदिर पर होगा भव्य सत्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर के शिवालय महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर सजधज कर तैयार है। पूरा शहर शिवमय होने की तैयारी में है। शिवरात्रि के इस महापर्व पर सुबह से ही मंदिरो मे भक्तो की कतारे देखने मिलेगी, अभिषेक के आयोजन होगे। इन मंदिरो पर श्रृदालुओ के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। अशोकनगर मे हर वर्ष शिवरात्रि का पर्व महापर्व के रूप में मनाया जाता है।

शहर के शिव गौरी मंदिर को आर्कषक फूलमालाओं से सजाया गया हैं। दो दिन पहले तक यहां शिवजी की बारात से पहले तिलकोत्सव और मेंहदी की रस्म निभाई गई। पूरे मंदिर को आर्कषक बिजली से सजाया गया है। नगर के हजारेश्वर मंदिर पर भी बड़े संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगे। शहर के तारवाले बालाजी मंदिर पर भी आर्कषक बिजली की सजावट की गई है। शहर के 2 दर्जन से अधिक मंदिर बिजली की सजावट से सजाए गए है। यहा एक दिन पहले से ही महिलाएं और भजन गायक भोलेनाथ की भक्ति मे लग गए है। अनेक भक्तो को महाशिवरात्रि के इस पर्व को लेकर उज्जैन के महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर धाम पर जाते हुए देखा गया। शिवरात्रि के पर्व पर देर शाम सभी मंदिरो मे भगवान का श्रृंगार किया जाएगा। अनेक स्थानो पर खीर वितरण के आयोजन होगे।

शहर का राजराजेश्वर मंदिर भी सजधज कर तैयार है यहा भगवान शिव और पार्वती राजारानी के रूप मे विराजमान है। इस मंदिर की विशेषता है कि आप मंदिर के बाहर निकलने के दौरान सडक से ही भोलेनाथ के दर्शन कर सकते है। यदि आप वाहन पर जा रहे है तब भी आप बैठे बैठे ही दर्शन कर सकते है। यदि आप घोडे या हाथी की सवारी कर रहे है। तब भी आप सवारी के दौरान सडक से ही दर्शन कर सकते है। इस मंदिर की बनावट इस प्रकार से की गई हैं कि भोलेनाथ के भक्तो को आसानी से दर्शन हो सकें। विवाह उत्सव के आठवे दिन भी पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। अशोकनगर यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है। शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह महोत्सव जिसमें आज हिंदू धर्म लोक रीति रिवाज के अनुसार शिव नवरात्रि के अष्टम दिवस पर सभी भगवान शिव के भक्तों ने नए-नए बासों से मंडप डाला एवं महिलाओं ने भजन गाए।

# 10 करोड़ रंगदारी व मारने की धमकी पर गहन विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

फरियादी अंकित अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी स्टेशन रोड, अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराई गई कि अज्ञात मोबाइल नंबरों से उन्हें 10 करोड़ रुपये की मांग करते हुए राशि न देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 101/2026 धारा 308(1), 308(2), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

प्रकरण की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा राजीव कुमार मिश्रा, द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान एवं सायबर सेल अशोकनगर को मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर प्रथम दृष्टया प्रकरण सायबर अपराध से संबंधित प्रतीत हो रहा है। देश एवं प्रदेश में इस प्रकार की घटनाओं में यह तथ्य सामने आए हैं कि सायबर अपराधी विभिन्न कुख्यात गिरोहों के नाम का भय दिखाकर अवैध वसूली का प्रयास करते हैं।

पुलिस द्वारा प्रकरण में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं स्थानीय स्तर पर संभावित सहयोगियों के संबंध में भी गहन जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शीघ्र ही आरोपियों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि इस प्रकार की धमकीपूर्ण अथवा भय प्रदर्शित करने वाले कॉल एवं संदेशों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी भी नागरिक को सायबर अपराध से संबंधित कोई कॉल, संदेश या संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होती है, तो वह तत्काल सायबर सेल अशोकनगर के हेल्पलाइन नंबर 7049139967 पर अथवा संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क करें। अशोकनगर पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं सेवा हेतु 24 घंटे तत्पर है। सभी नागरिक निर्भय एवं सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन यापन करें।

# अवैध परिवहन में ट्रैक्टर और डंफर को जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



खनिज सामग्री का अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण किए जाने के दौरान खनिज विभाग ने दो अलग अलग कार्यवाही कर ट्रेक्टर और डंफर को जप्त किया है।

इस दौरान पुलिस थाना चन्देरी के अंतर्गत थूबोन मार्ग पर एक वाहन डम्फर क्रमांक एमपी 67 एच 0247 को खनिज एम सेन्ड का अवैध परिवहनकर्ता पाये जाने से कार्यवाही की गई एवं एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नम्बर को अवैध भण्डारण रेत संलिप्त होने से कार्यवाही की गई। ग्राम रातीखेडा तहसील अशोकनगर अवैध रेत/बजरी परिवहनकर्ता पर कार्यवाही में वाहन चालक द्वारा मौका स्थल ट्रैक्टर ट्राली चैसिस क्रमांक 911400552548 भगाने का प्रयास किया गया जिसे रोका जाकर वाहन ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में रखवाया गया।

# अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद महिलाओं ने सौगंध खाई शादियों में होने वाली फिजूल खर्ची को बंद कराएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद अशोकनगर की ओर से प्रतिमाह आयोजित एकादशी कीर्तन में, रघुनाथ मंदिर रघुवंशी धर्मशाला में ईश्वर को साक्षी मानकर समस्त महिलाओं ने यह सौगंध खाई कि समाज में शादियों में हो रही फिजूल खर्ची को पूरी तरह बंद किया जाएगा। महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि शादी-विवाह पुराने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार ही किए जाएंगे तथा नई अनावश्यक प्रथाओं को अपनाकर पैसा और समय की बर्बादी नहीं की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महिला पदाधिकारी और जिले के सभी पदाधिकारी और समस्त महिला शक्ति उपस्थिति रही।

# मुंगावली विधायक ने ग्राम अमरोद चुगलियाई में फसलों का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को ग्राम अमरोद चुगलियाई में विधायक एवं पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन राव बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा फसल स्थिति की जानकारी ली गई।

इस दौरान चना की फसल जिसमें उन्नत किस्म पूसा मानव, दफ्तरी 21, मटर की दंतेश्वरी वैरायटी एवं अन्य फसलों की फसल स्थिति पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर बी.एस गुप्ता एवं अर्जुन सिंह यादव, डॉ बैजनाथ सिंह यादव साथ रहे। इस दौरान चना फसल का बेहतर उत्पादन कैसे हो इस पर चर्चा की। फसल की सामान्य रोग बीमारी, उर्वरक संतुलन एवं पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की।फसलों की स्थिति बहुत अच्छी है। अभी पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों की स्थिति में और सुधार आया है। इस दौरान आगामी जायद की फसले एवं आगामी खरीफ की फसलों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली गई।

# प्राण प्रतिष्ठा, अनुष्ठान और नगर भ्रमण कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर परिषद स्थित बरखेड़ा रोड रेखा मौसी के यहां पर शिव मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान और नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान वैदिक आचार्यों के सानिध्य में यजमानों ने लगातार चले हवन में आहुतियां दीं गईं और मानव कल्याण की कामना की गई।

नगर मे बैंड व रथगाड़ी में शिव परिवार, की मूर्तियों को सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थीं, जबकि लोगों ने गुलाल और अबीर उड़ाकर नगर मे खुशी मनाई। इस धार्मिक आयोजन की मुख्य आयोजक रेखा मौसी जी हैं, जिनके विशेष प्रयासों से कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। इस अबसर पर विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे, जगदीश कुशवाह, लालाराम कुशवाहा, हरि सिंह पटेल, रणवीर विश्वकर्मा, कथा बाचक सुरेश चंद्र शास्त्री का मंच पर स्वागत किया। वहीं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य अरुण कृष्ण शास्त्री के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है।

# ईसागढ़ में शांति समिति की बैठक में त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



महाशिवरात्रि, होली, रमजान एवं ईद जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना ईसागढ़ परिसर में संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी मीना रघुवंशी एवं तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने किया। इसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, मंदिरों के पुजारी, नगर के गणमान्य एवं संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है और ईसागढ़ की परंपरा हमेशा से मिल-जुलकर पर्व मनाने की रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। जो कार्यक्रम जिस स्थान और जिस स्वरूप में परंपरागत रूप से होते आए हैं, उन्हें उसी प्रकार संपन्न कराया जाए। बैठक में ध्वनि प्रदूषण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। नगर के गणमान्य नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। विशेष रूप से होलिका दहन एवं नमाज के समय आपसी तालमेल और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम हैं और इन्हें आपसी प्रेम, संयम एवं भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें।

# सामुदायिक पुलिसिंग का मानवीय उदाहरण वैलेंटाइन डे पर बुजुर्गों का सहारा बनी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत वैलेंटाइन डे के अवसर पर एक संवेदनशील एवं प्रेरणादायक पहल की गई।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित 'अपना घर परिवार' वृद्ध आश्रम पहुंची, जहां निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें पुष्प भेंट किए तथा उनके साथ समय व्यतीत कर उनके सुख-दुख साझा किए। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आधिकारिक आर्थिक सहायता मिलने तक आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों के भोजन और राशन की जिम्मेदारी पुलिस परिवार उठाएगा। यह खर्च सभी अधिकारी मिलकर उठाएंगे। इस दौरान एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप चैहान, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी यातायात स्नेहा ठाकुर, निरी. नरेन्द्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार आईना साहिवा, उनि. रेनु रावत सहित पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने आश्रम की नियमित देखरेख व पुलिस स्टाफ अलग-अलग समय पर पहुंचकर भोजन और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।

### भगवान मुनि सुव्रत नाथ स्वामी का भक्ति भाव से मनाया गया निर्वाण कल्याणक, लाडू समर्पित किए

**अशोकनगर।** जैन दर्शन के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनि सुव्रत नाथ स्वामी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव उत्साह पूर्वक शनिवार को श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में आदिश्वर धाम सुभाष गंज में विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया गया।



इस दौरान श्री भक्तामर महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का भी भक्ति भाव पूर्वक आयोजन किया गया।

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में नगर में हुई ऐतिहासिक श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव महा महोत्सव में भगवान श्री मुनि सुव्रत नाथ स्वामी का पहली बार हम निर्वाण कल्याणक महोत्सव पूर्वक मना रहे हैं। शनि निवारण भगवान मुनि सुव्रत नाथ स्वामी का निर्वाण कल्याणक निर्वाण लाडू समर्पित के साथ मनाया गया। जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार के मधुर भजनों के साथ पूरी विधि विधान के साथ सर्व प्रथम महा मस्तिष्काभिषेक करने का सौभाग्य सौधर्म इन्द्र विकास कुमार, रिक्कू भारत, इंसान इन्द्र जैन, समाज के मंत्री विजय धुर्रा, ओमप्रकाश, देवेन्द्र कुमार धुर्रा, सनत इन्द्र, धर्मेन्द्रकुमार, सूर्यांश रोकड़िया, महेन्द्र इन्द्र, सुचित कुमार, सचिन कुमार कांसल के साथ सानू जैन, महावीर ज्वेल्स, कपिल फैशन, निर्मल मिर्ची, सहित अन्य भक्तों जनों द्वारा प्रथम अभिषेक किया गया। इसके साथ ही जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई।

# शिक्षकों को दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, प्रमाण पत्र किए वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय प्रधानमंत्री कौशल केंद्र गुना रोड पर जिले के प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय से एक एक शिक्षक शिक्षिका को हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर के रूप में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर दो बैच में तीन-तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया जिसका संचालन 9 से 14 फरवरी तक किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के द्वारा आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 14 फरवरी को प्रशिक्षण के प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.के.एस.के) स्कूल उमंग हैल्थ एण्ड वैलनेस कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे जिले से प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय से एक शिक्षक एक शिक्षिका भाग ले रहे हैं प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा विभाग से सभी प्रशिक्षको को 11 मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को पोषण, किशोरावस्था, एनीमिया,नशा उन्मूलन, माहवारी स्वच्छता, बच्चों में मोबाइल के दुष्प्रभाव,संचारी एवं असंचारी बीमारी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या, परीक्षा दबाव,जीवन कौशल , चिंता,अवसाद,तनाव एवं उसका प्रबंधन, शारीरिक परिवर्तन, चोट एवं हिंसा,लिंग आधारित हिंसा बच्चों में ना कहने का कौशल आदि को लेकर शिक्षकों को विस्तृत रूप में प्रशिक्षण दिया गया।

## रागियों, कथाकारों एवं अन्य श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, कई कार्यक्रम हुए आयोजित

# जत्थों ने कीर्तन व गुरमत विचारों से संगत को निहाल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शनिवार को श्री गुरुद्वारा ईशर प्रकाश वरियाम सर में "धर्म की चादर" श्री गुरू तेग़ बहादुर महाराज जी की शहीदी की *५० वी सालाना पावन याद को समर्पित महान गुरमत समागम का दूसरा दिन था । आज सुबह की शुरुआत अमृत वेला की पावन वाणी श्री आसा जी दी वार से हुई। सुबह 9 बजे से सत्संग समागम श्री गुरु तेग़ बहादुर दीवान हॉल में शुरू हुआ। जिसमें सिख पंथ के प्रसिद्ध रागियों, कथाकारों एवं अन्य जत्थों ने अपने कीर्तन एवं गुरमत विचारों से संगत को निहाल किया ।

संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघजी ने अपने पावन प्रवचनों में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के अप्रतिम त्यागमयी जीवन की कुछ झलकियाँ साँझा कीं। आप ने कहा कि कैसे पूरे गुरू के बिना यह मनुष्य जीवन अंधकारमय है । आज के प्रमुख प्रसंग में मखनशाह लुबाना के समंदर में फँसे जहाज को कैसे श्री गुरू तेगबहादुर जी ने पार लगाया। आठवें गुरु श्री गुरू हरिकृष्ण जी महाराज ने सचखंड जाते वक्त कहा था कि बाबाजी बसह बकाले सो जब मखन शाह लुबाना पता करते हुए बकाला साहिब पहुँचे तो वहाँ पहले से ही 22 नक़ली गुरु बने बैठे थे। मखन शाह ने उन 22 नक़ली गुरुओं को 2-2 सोने की मोहरें रख कर मत्था टेका , मन में भाव था कि जो असली गुरु होगा वो 500 सोने की मोहर का स्वयं जिक्र करेगा जो कि मखन शाह ने बेड़े के समंदर में दलदल में फँस जाने पर सुखना मन में विचारी थी। श्री गुरु तेग़ बहादुर जी ने उस सुखना का जिक्र कर मखन शाह के मन की भावना को तृप्त किया । श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकट होते ही 22 नक़ली गुरुओं ने अपना बोरिया बिस्तर समेटा और रफूचक्कर हो गए।

बाबाजी ने अपने आशीष वचनों में सिख के जीवन की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिख में गुरु के प्रति सच्चा प्रेम होना चाहिए। सिख समर्थ गुरु के निर्मल भय में चलते हुए गुरू के वचनों को कमाते हुए अपना जीवन सफल करता है, मनुष्य जन्म मिला ही प्रभु प्राप्ति के लिए है, समर्थ गुरू और परमेश्वर एक ही है। चाचा फग्गू जी का प्रसंग सुनाते हुए बाबाजी ने बताया कि श्री गुरु तेग़ बहादुर जी ने उनका प्रेम देखकर वहाँ बेर की गुठली लगाई जो कि तुरंत ही बेरी बन गई। गुरू साहिब ने वचन किया कि जो भी संतान की अभिलाषा में इस बेरी के नीचे झोली फैलाकर बैठेगा और उसकी झोली में कोई टहनी, बेर या पत्ता भी गिर गया तो जो हर तरफ़ से नाउम्मीद हो चुका हो तो उसे भी संतान प्राप्ति हो जाएगी। आज भी वहाँ सासाराम बिहार जाकर देखो तो 15-20 वहाँ औलाद की चाह में बैठे मिल ही जाते हैं और अपनी मुरादें प्राप्त करते हैं। सारे संसार से लोग वहाँ आते हैं।

आपजी ने बताया कि वो सारे कर्म जो हमे हमारे गुरू से दूर ले जाते हैं उनका हमें त्याग कर ही देना चाहिए। उस वक्त हिंदुस्तान का बादशाह औरंगज़ेब था। उसने पूरे देश में जुल्म की इंतहा की हुई थी। मंदिर तोड़े जा रहे थे ,तीर्थ स्थानों पर टैक्स लगा दिया गया था कि कोई आदमी तीर्थों पर जा ही न सके । धार्मिक चिन्ह, धार्मिक ग्रंथ नष्ट किए जा रहे थे। सारा देश जुल्म की आग में झुलस रहा था । श्री गुरु तेगबहादुरजी उस वक्त पूरे देश में घूम-घूम कर शांति एवं भाईचारे का उपदेश दे रहे थे । राजाओं की सुलह करवा रहे थे कि आपस में मत लड़ो ,प्रजा की भलाई के लिए कार्य करो। किसी भी राजा का प्रथम कत्तव्य प्रजा को सुख देना ही होना चाहिए।

### घटना स्थल से ठेकेदार ने निर्माण में लगी मशीनें की गायब

# पीएम सड़क की रिटर्निंग वाल धंसने से दो मजदूर दबे, एक की मौत, एक घायल

*बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्मित वाल निर्माण कार्य में दस लोग हरिपुर बेरासिया से सारंगपुर के निपनिया तुला पहुंचे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सारंगपुर तहसील के ग्राम निपानिया तुला में प्रधानमंत्री सड़क की वाल निर्माण कार्य करने पहुंचे ग्राम हरिपुर बड़ा बेरासिया थाना नजीराबाद के 10 मजदूर को क्या पता था कि मजदूरी करने जाएंगे और मजदूरी के दौरान काल उनके ऊपर समा जाएगा। 15 वर्ष पुरानी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क धंसने के बाद प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने सड़क को सुगम बनाने के उद्देश्य से वाल निर्माण का टेंडर जारी किया। बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार शिव लखन सिंह तोमर निवासी ग्वालियर के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया, लेकिन निर्माण एजेंसी एवं संबंधित ठेकेदार की लापरवाही इतनी भारी पड़ी की एक मजदूर का बेटा मौत की कोख में समा गया तो दूसरा गंभीर हालत में सारंगपुर अस्पताल में जीवन एवं मौत से संघर्ष कर रहा है।

घटना की जानकारी लगते ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हुआ और राजस्व विभाग से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी इस घटना को लेकर लगातार संपर्क में थे इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में एसडीओपी अरविंद सिंह घायल एवं मृतक को देखने पहुंचे एवं उनके परिजनों को सांत्वना दी मृतक के पिता ने रो रो कर बताया



कि हमें क्या मालूम था कि ऐसी मजदूरी करेंगे मजदूरी करने हम 10 लोग आए थे ठेकेदार ने सड़क का वाल निर्माण का कार्य बताया उसी अनुसार काम चालू किया, लेकिन सामग्री कितनी गुणवत्तापूर्ण थी इसकी जानकारी हमें नहीं है और ना ही किसी प्रकार से हमें सुरक्षा उपाय दिए गए थे ऐसे में वाल की दीवाल गिरी और मेरा बच्चा मौत के मुंह में समा गया।

इस संबंध में विभाग के इंजीनियर जगदीश पाटीदार ने बताया कि मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा था मिट्टी धंसने से दो मजदूर निर्माणाधीन रिटर्निंग वाल टूटने से दब गए थे जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई दूसरे का उपचार जारी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक सारंगपुर के सिविल अस्पताल में मजदूरों की चीख पुकार घटना



का दर्द बयां कर रही थी ऐसे में मजदूर के बेटे की मौत होना कहीं ना कहीं ठेकेदार की घोर लापरवाही का नतीजा है देखना है कि संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध प्रशासन क्या कदम उठाता है फिलहाल तो मृतक का पोस्टमार्टम के लिए नियत स्थान पर रखा गया है एवं दूसरे घायल का इलाज जारी है।

#### कैसे हुआ हादसा

सारंगपुर के लीमाचौहान थाने के गांव निपानिया तुला की पूर्व से निर्मित प्रधानमंत्री सड़क का कटाव हो जाने के बाद विभाग द्वारा सड़क दुरुस्ती करण के लिए टेंडर जारी किया गया उसमें मजदूर कार्यरत थे। ग्रामीणों ने बताया कि सभी मजदूर बगैर सुरक्षा के कार्य कर रहे थे कि अचानक मिक्सर मशीन का दबाव जमीन पर आया और दीवार पर लगा जिससे मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब गए जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई वही दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूरों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण सहायता के लिए पहुंचे और पुलिस को खबर दी पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से गिरी हुई रिटर्निंग बाल में दबे हुए मजदूरों को निकाला तब तक ठेकेदार निर्माण कार्य में लगी समस्त मशीनें लेकर रफूचक्कर हो गया। घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

#### इनका कहना है...

घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर इंजीनियर को भेजा गया है। कितने रुपए का कार्य है मुझे नहीं मालूम। इंजीनियर से पूछ लो एक हजार काम चलते हैं किस किस को बताऊंगा।

**राहुल वर्मा**
**जीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क राजगढ़**

मजदूरों की ओर से ठेकेदार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

**अरविंद्र सिंह**
**एसडीओपी सारंगपुर**

# मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 5 पंचायतों को दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भवानीपुरा, रामगढ़, पुराबरायठा, पांजरा एवं पगारा में लगभग 1 करोड़ 76 लाख से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन पंचायतों में पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल,सीसी रोड, पेवर्स कार्य एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनसुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य जनता जनार्दन की मांग और आवश्यकता के अनुरूप होता है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण से जहां किसानों और विद्यार्थियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क का सशक्त केंद्र बनेंगे।

मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य कर रही है और यह सब जनता के विश्वास और आशीर्वाद का परिणाम है। मंत्री पंवार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है।

### पीएम श्री कन्या विद्यालय खुजनेर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**खुजनेर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में अध्यक्षता उपाध्यक्ष बाबू लाल कुशवाहा ने की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बैठक में नगर के पार्षद लोकेन्द्र यादव एवं गिरिजा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु अपने सुझाव साझा किए। प्रबुद्ध समाजसेवी अरविन्द गुप्ता ने भी बैठक में शिरकत की और छात्राओं की शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया विद्यालय के प्राचार्य हितेश सोनी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की कार्यक्रम में रमण कुशवाहा, माया यादव रूपा चतुर्वेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिन्होंने बैठक के एजेंडे पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक के अंत में शाला विकास के संकल्प के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक

# शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेडीको-लीगल प्रकरण (एमएलसी) रिपोर्ट की पेंडेंसी, नारकोटिक्स नियंत्रण एवं मेडिकल स्टोर्स की निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एमएलसी रिपोर्ट की लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निपटारा करें।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से इंजेक्शन 'एविल' सहित संवेदनशील दवाओं की बिक्री पर सतर्क दृष्टि रखने तथा मेडिकल स्टोर्स का रेंडम निरीक्षण करने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने के लिए कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित सीबीएमओ के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी ने भी नारकोटिक्स नियंत्रण एवं एमएलसी प्रकरणों में पुलिस- स्वास्थ्य विभाग के समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अवैध दवा बिक्री एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

### अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा



**राजगढ़।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), संबंधित थाना प्रभारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में थानावार लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला लोक अभियोजक को निर्देशित किया गया कि वे अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में नियमित अर्द्धवार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा न्यायालय में शीघ्र चालान प्रस्तुत कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बैठक में स्पष्ट किया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के अत्याचार या भेदभाव को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** नरसिंह मंदिर प्रांगण, संडावता में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने संत रविदास के जीवन एवं विचारों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपने उपदेशों से सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों और जातिगत भेदभाव पर प्रहार करते हुए समानता और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा उक्ति को आत्मशुद्धि और सामाजिक सद्भाव का मूल मंत्र बताया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने निर्गुण भक्ति के माध्यम से यह सिद्ध किया कि ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग शुद्ध मन और श्रेष्ठ कर्मों से होकर जाता है। उन्होंने शोषित एवं वंचित वर्ग को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से वाराणसी स्थित संत रविदास मंदिर के शिखर का स्वर्ण मंडन किया गया है। साथ ही 647 वीं जयंती पर सीर गोवर्धन स्थित मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशाल प्रतिमा का अनावरण संत के विचारों के राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने सामाजिक समरसता, नशामुक्ति एवं नैतिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का भूमि पूजन

# मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चौक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पानी का टेंकर पलटने से स्विफ्ट डिजायर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ



**जीरापुर।** नगर के खिलचीपुर नाका पर तेज गति से आ रहे पानी के ट्रैक्टर-टैंकर के पलटने से अफरा-तफरी मच गई। टेंकर पलटनें से नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार आई चपेट में। जीरापुर के व्यस्ततम मार्ग खिलचीपुर नाका पर शुक्रवार रात्रि लगभग सात बजे एक पानी का ट्रेक्टर - टेंकर तेज गति से आ रहा था जोकि किसी पशु को बचाने के चक्कर में पलट गया जिसमें नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कार का अगला हिस्सा टैंकर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस अनहोनी घटना में किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई , सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना के कारण मार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक कवन धारा 281 बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा का दावा करने वाला अस्पताल निरीक्षण में मिला बंद

### डॉक्टर की टीम ने बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

निजी स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई उस समय सामने आ गई जब डायरेक्ट्रेट के आदेश पर जांच करने पहुंची डॉक्टरों की टीम को श्री देव हॉस्पिटल कुरावर के मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। टीम ने करीब 45 मिनट तक अस्पताल प्रबंधन के आने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं पहुंचा तो मौके पर पंचनामा बनाकर पूरी स्थिति दर्ज करनी पड़ी। हालांकि प्रबंधक के बड़े भाई धीरज सिंह वहां पहुंचे थे परंतु वह भी जांच टीम को अस्पताल संबंधी आवश्यक दस्तावेज में असमर्थ रहे। जब स्वास्थ्य सेवाएं यदि निजी अस्पताल के रूप में शुरू की जाती हैं तो प्राथमिकता रहती है कि 24 घंटे अस्पताल खुला रहे एवं डॉक्टर की व्यवस्था रहे। परंतु देव अस्पताल में जब जांच टीम पहुंची तब ताला डला हुआ था। ऐसे में निरीक्षण के समय बंद मिलना स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। जांच करने कुरावर श्री देव अस्पताल पहुंच दल में डॉ जेके शाक्य की अध्यक्षता में सहयोगी सदस्य में रूप में डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ मनीष चौहान एवं डॉ लखन दांगी सम्मलित रहे एवं नायब तहसीलदार तथा उपनिरीक्षक थाना कुरावर भी मौजूद रहे।







#### 1 महीने बाद भी अस्पताल क्यों नहीं दिखा पाए दस्तावेज

दिसंबर माह में जब सिविल सर्जन कुरावर के देव अस्पताल की जांच करने सीएमएचओ के निर्देश पर पहुंचे थे तब भी वहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं था और नर्सिंग स्टॉफ ही दिखा था। इस पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने अस्पताल के संचालक से आवश्यक दस्तावेज के साथ सीएमएचओ ऑफिस में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे जिस पर आज 1 महीने निकलने के बाद भी अस्पताल संचालक द्वारा संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

#### इनका कहना है...

मेरी जांच टीम से बात हो गई थी पर वो रुके ही नहीं।

**डॉ प्रेम गुर्जर, संचालक देव हॉस्पिटल**

# जूनियर डॉक्टरों की स्टाइपेंड वृद्धि की मांग, 15 दिन में निर्णय नहीं तो हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों की वार्षिक स्टाइपेंड वृद्धि लागू करने की मांग को लेकर डीन मनीष निगम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ विमल मेहरा ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर और सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष अप्रैल में वृद्धि का प्रावधान है, जिसका पालन पूर्व वर्षों में होता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की वेतनवृद्धि जनवरी 2026 तक लागू नहीं होने से डॉक्टरों को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई,



आवास, भोजन और शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। डॉ मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में निर्णय नहीं हुआ तो जूडा विदिशा हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# अवैध चलते 12 वाहन पकड़े, 58 हजार वसूले

**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नटेरन एवं अशोकनगर रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान 12 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से 58 हजार का जुर्माना




वसूला गया। शेष 8 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जब्त कर पुलिस थाना परिसर नटेरन व करारिया में खड़ा कराया है। जब्त वाहनों में सांदीपनि स्कूल नटेरन में संचालित बस सहित 2 स्कूल बसें शामिल हैं। परिवहन विभाग के अनुसार जप्त वाहनों से लगभग 2 लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।